केंद्र कामगारों की री-स्किलिंग पर भी जोर देगा, बजट में इंडस्ट्री 4.0 पैकेज का भी हो सकता है ऐलान

# बजट में नौकरियां बढ़ाने वाले क्षेत्रों को खास पैकेज

**उम्मीदें 2022**



## री-स्किलिंग पर किए गए खर्च में टैक्स छूट संभव

केंद्र सरकार ज्यादा नौकरियां देने वाले क्षेत्रों में कामगारों की री-स्किलिंग पर भी जोर देगी। ताकि ऑटोमेशन की हालत में बेरोजगारी न बढ़े और लोगों को नए तरह के काम मिलना संभव हो सके। कामगारों की री-स्किलिंग पर किए गए खर्च या फिर उससे जुड़े निवेश की गई रकम पर सरकार टैक्स में छूट दे सकती है। देश में इस बजट में ये छूट हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों के लिए रहेगी।

**नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल**

देश में आने वाले दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ ऑटोमेशन के बढ़ते दखल को देखते हुए सरकार बजट में खास ऐलान कर सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक, बजट में न सिर्फ डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए खास आर्थिक पैकेज आ सकता है, बल्कि नौकरियों को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों के लिए भी खास सौगातें रहने वाली हैं। बजट में इंडस्ट्री 4.0 पैकेज का ऐलान हो सकता है।

सरकार इसके जरिये कारोबारियों को जरूरी खर्च के लिए सस्ता कर्ज मुहैया करा सकती है। ये सस्ता कर्ज छोटी से मध्यम अवधि के लिए रहेगा और खासतौर पर अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिए और नई यूनिटें लगाने से जुड़े डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमेशन के खर्च से जुड़ा होगा।